# दिव्यांग शबीना की हुई मदद, मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल




नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 21 नवम्बर. अमरवाड़ा के समीप पिंडरई निवास करने वाली शबीना मंसूरी लगभग 80त्न दिव्यांग है विगत कई वर्षों से परेशान है। कई वर्षों से प्रयासरत थी कि उन्हें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिल सके ताकि उन्हें आवागमन करने में सुविधा हो सके।**

दिव्यांग महिला दोनों पैर से चलने में सक्षम नहीं थी। शबीना मंसूरी ने बहुत प्रयास करने के बाद अमरवाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार सलीम खान से संपर्क कर अपनी समस्या बताई और कहा कि मैं सभी जगह प्रयास कर चुकी हूं परंतु मेरी कोई सुनवाई नहीं हो पाई।

फल स्वरूप एलिम्को आसरा केंद्र अमरवाड़ा से संपर्क कर दिव्यांग महिला को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिलाने का आवेदन किया गया। सिर्फ 15 दिनों के भीतर आसरा केंद्र द्वारा समस्त कार्यवाही कर मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराई गई। शबीना मंसूरी मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल पाकर बहुत खुश हैं और उन्होंने एवं पत्रकार महोदय द्वारा आसरा केंद्र का धन्यवाद प्रेषित किया। वितरण के समय पत्रकार सलीम खान आसरा केंद्र जिला समन्वयक मुकेश कुमार मालवीय, श्रीमती सोनम मालवीय, कुमारी सुलोचना राठौर, शबीना मंसूरी एवं उनके परिजन आसरा केंद्र में मौजूद रहे।

# कलेक्टर द्वारा शासकीय कार्यो के सुचारू संचालन के लिये राज्य प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 21 नवम्बर.** कलेक्टर **शीलेन्द्र सिंह द्वारा जारी संशोधित कार्य विभाजन आदेश के अनुसार पूर्व में जारी आदेश 15 मार्च 2024 और आदेश 07 जून 2024 में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन कार्य सुविधा और प्रशासनिक दक्षता की दृष्टि से किया गया है, जिसके तहत जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उनके नए दायित्व सौंपे गए हैं।**

इसके अंतर्गत संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर को दंडाधिकारी कार्यों के साथ-साथ भू-अभिलेख, भू-प्रबंधन और भू-अर्जन शाखाओं का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा वक्फ बोर्ड, धर्मस्व शाखा और मीसाबंदी संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी भी उनके अधीन रहेगी। सामान्य निर्वाचन शाखा, मुख्यमंत्री/मंत्री स्वेच्छानुदान और जनसंपर्क निधि, जिला जनगणना कार्य, रीडर शाखा (कलेक्टर न्यायालय), विभागीय जांच, महालेखाकार के अंकेक्षण, और सड़क सुरक्षा समिति जैसे महत्वपूर्ण दायित्व भी उन्हें सौंपे गए हैं। वित्तीय स्वीकृतियों के अंतर्गत, उन्हें भू-अभिलेख शाखा और निर्वाचन कार्यों में 50,000 रूपये तक के व्यय की स्वीकृति का अधिकार दिया गया है। साथ ही, भू-अभिलेख शाखा के कर्मचारियों के अर्जित अवकाश और 30 दिनों तक की चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करने का प्रभार भी उन्हें सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर या अपर कलेक्टर की अनुपस्थिति में ज्ञापन प्राप्त करने और अन्य सौंपे गए प्रशासनिक कार्यों को संभालने की जिम्मेदारी भी दी गई है।

इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल को कार्यकारी दंडाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। उनके अधीन सामान्य अभिलेखागार, जिला पेंशन कार्यालय, अल्पबचत और कर्मचारी कल्याण शाखाओं का प्रभार रहेगा।

उन्हें सीएम हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल, जनसुनवाई और शिकायत निवारण कक्ष से संबंधित सभी कार्य सौंपे गए हैं। इसके साथ ही जिला जेल प्रशासन, ड्रग लाइसेंस, खाद्य एवं औषधि प्रशासन और जनसंपर्क कार्यालय का प्रभार भी उनके अधीन होगा। लोकसभा/विधानसभा प्रश्नों का निपटान, मानव अधिकार आयोग, महिला आयोग और अन्य आयोगों से संबंधित कार्य, टीएल बैठकों का समन्वय और समीक्षा कार्य उनके दायित्व में शामिल हैं।



# तेली समाज का पांढुरना में होगा वर-वधु परिचय सम्मेलन

**नगर के रेनबो स्कूल में हुई तेली समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक**

नवभारत न्यूज

**पांढुरना, 19 नवंबर. नगर के रेनबो स्कूल परिसर में बीते दिवस राज्य स्तरीय तेली समाज संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक महाराष्ट्र मुंबई से आए गुणवंत मस्मे की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें नागपुर, नरखेड, काटोल सहित पांढुरना नगर तथा क्षेत्र के ग्रामों के समाज के अनुयायी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।**

इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए गुणवंत मस्में ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास एवं एकता सूत्र में सभी बनाएँ रखने के मुख्य उद्देश्य से निरंतर कार्य करने के लिए सामाजिक कार्यों में योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर तेली समाज का वर-वधु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसकी रूपरेखा बनाई जा रहीं है। इस बैठक में नागपुर के अशोक रंवते, के साथ ही पांढुरना नगर पालिका के अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी योगीराज वानोड़े, महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती देविका ताई भांगे, नरेश कलंबे, महेन्द्र घोड़े, तिगांव के भाऊराव वानोड़े, डॉ. तुकाराम वानोड़े, किसना फरकसे, नरखेड के श्रीमती शेलके, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## ► संक्षिप्त समाचार ◄

### शिव महापुराण कथा तथा विशाल सांई संध्या देवी जागरण का होगा कार्यक्रम

**बड़चिचोली, 20नंवबर, नव भारत न्यूज.** ग्राम बड़चिचोली साँई प्रसाद समिति बड चिचोली के द्वारा 21 नवंबर से 27 नवंबर तक सीताराम मंदिर प्रांगण बडचिचोली में शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा तथा कलश यात्रा 21 नवंबर दिन गुरुवार को निकलेगी तथा 27 नवंबर को साँई पालकी तथा 28 नवंबर को दही लाही का कार्यक्रम होगा कीर्तनकार हरि भक्त परायण अभिषेक महाराज घुसे नागपुर के द्वारा कीर्तन होगा तथा 29 नवंबर को विशाल साँई संध्या देवी जागरण भारत की सुप्रसिद्ध ढोल वादीका एवं गायिका यशस्वी सत्यम टोरिया के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति देगी तथा शिव पुराण का वाचन कथा प्रवक्ता देवी श्रद्धा किशोरी जी वृंदावन धाम के द्वारा शिव पुराण कथा का वाचन करेगी यह आयोजन साँई प्रसाद समिति एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा होगा कथा का वाचन रात्रि 7 बजे से 11 बजे तक होगा तथा कीर्तन समाप्ति के पश्चात महाप्रसाद का वितरण होगा एवं यह आयोजन साँई प्रसाद समिति एवं समस्त ग्रामवासी बड चिचोली होगा.

### नामचीन शाहिरों के बीच हुआ मुकाबला

**रामाकोना.** 10.00 से रात्रि 12.00 बजे तक चली गम्मत सैकड़ों की जनसंख्या में रहे महिला पुरुष उपस्थित महाराष्ट्र के नामचीन शाहिरों के बीच हुआ मुकाबला मुकाबले में संगीत मराठी धार्मिक के बीच हास्य विनोद हुआ शाहिर एवं पार्टी के सह साथियों ने ढोलक के ताल पर जनता का हास्य विनोद पूर्वक भरपूर मनोरंजन हुआ महिला शाहिर शिवानी ताई विरुद्ध सूरज ब्रह्मा नवघरे के बीच हुआ मुकाबला इस कार्यक्रम के संचालक चिंतामन राव गाड़वे उनके सह साथी वरिष्ठ पत्रकार भाऊराव जी चौधरी मनोज दुर्गे रामाजी जैवार पंजाबराव पाल मरोति भोपे संजय कड़सकर शंकर पातुरकर भुजंगराव चौधरी ने भरपूर साथियों का सहयोग मिला और बड़े हर्ष उल्लास के साथ खड़ी गम्मत का समापन हुआ.

### टायर कंपनी के जहरीले धुए से हो रहे नुकसान को लेकर किसान कलेक्टर को करेगे शिकायत

**सौंसर 20 नवम्बर, नवभारत न्यूज.** औधोगिक क्षेत्र मे स्थित टायर कंपनी के जहरीले धूए से हो रहे नुकसान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुभाष आमणे किसानो को लेकर कलेक्टर से शिकायत करेगे. श्री आमणे ने बताया कि, औधोगिक एरिया मे संचालित टायर कंपनी के जहरीले धुए से सांस लेने मे लोगो को परेशानी हो रही है. इस जहरीले धूए के कारण किसानो कि खडी फसल को नही फुल आ रहे है नाही फल आ रहे है. प्रदुषण के चलते प्रतिवर्ष किसानो को फसल न होने से नुकसान हो रहा है. जिसके चलते किसान कर्ज मे डुबता चला जा रहा है. साथ ही परिवार पालना भी मुश्किल हो रहा है. श्री आमणे बताया कि, कंपनी के आजू बाजू काले धुए से पशु पक्षीयो की मौत हो रह है. जहरीले धूए से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है. शिघ्र ही किसानो के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापण देकर कार्यवाही की मांग जायेगी.

### रामाकोना में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन

**रामाकोना.** अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री प्रज्ञा मंडल रामाकोना एवं समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से परम् पूज्य गुरुदेव के सूक्ष्म संरक्षण में ग्राम रामाकोना के श्री विठ्ठल मंदिर परिसर में 07/12/2024से 09/12/2024तक अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वा धा न में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया है. इस संदर्भ में रामाकोना क्षेत्र के नव चेतना केंद्र के संयोजक खेमराज श्रीबंधु गुरूजी ने बताया कि इसमें दि.07/12/2024को प्रात: 8से 10बजे तक ग्राम की सफाई, दोपहर 3से 6बजे तक मंगल कलश यात्रा एवं रात्रि 8से 10बजे तक संगीत, प्रज्ञा गीत, प्रवचन. 08/12/2024को प्रात: 8से 11तक गायत्री यज्ञ एवं संस्कार, दोपहर 12से 1वृक्षा रोपण 3से 5 कार्यकर्ता एवं महिला गोष्ठी, सायंकाल 7से 9तक संगीत, प्रज्ञा गीत एवं दीप महा यज्ञ 09/12/2024को प्रात: 8से 12बजे तक यज्ञ, पूर्णाहुति, दीक्षा संस्कार, बिदाई समारोह एवं 3बजे से महाप्रसाद का आयोजन किया गया है. इस संबंध में मंडल द्वारा निवेदन किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ प्राप्त करें. समस्त संस्कार नि:शुल्क कराए जाएंगे इस संबंध में मंडल के परिजन महादेव जैवार,, मंगेश उपासे, चिरकुट चरड़े, हेमंत जैवार, डा. इंगले, भूषण लोहितकार एवं गजानन सीरसे से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है.



# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**इंदिराजी की प्रतिमा का पूजन कर किया गया माल्यार्पण**

नवभारत न्यूज

**पिपलानारायणवार 20 नवम्बर- देश की प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी' की जन्म जयंती पीपला नारायण वार में मनाई गई. 'नगर कांग्रेस कमेटी पिपला नारायण वार' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम इंदिरा जी की प्रतिमा का पूजन कर माल्यार्पण किया गया.**

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पुरुषोत्तम तिवारी, रामचंद्र मदनकर, शैलेंद्र सिंह बिसेन, देवेंद्र कोचे, पार्षद वामन चौधरी, हीरामन गजभिए, हुतेश बालपांडे ज्ञानेश्वर भालेराव, गजानन कोचे, देवदास कामडे पूर्व उपाध्यक्ष गंगाधर गजभिए, मारुतिभाऊ कोठे, अजय वाहने, युवराज गिरी' प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

# खेलों इंडिया स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप थीम पर हुआ खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



नवभारत न्यूज

**रामाकोना, 21 नवम्बर. अशासकीय शाला संघ सौसर के तत्वाधान मे खेलो इंडिया स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की थीम पर आयोजित इंटर स्कूल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ वार्ड क्रमांक 17 दुर्गा कॉलोनी स्थित स्वर्गीय रामभाऊ जी खंडाईत शिक्षण समिति द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना मे कबड्डी मैच खेल कर उदघाटन किया गया.**

उदघाटन मैच के मुख्य अतिथि के रूप मे विकाश खंड शिक्षा अधिकारी सौसर भास्कर गावंडे की उपस्थिति एवं सनफ्लावर स्कूल सौसर के संचालक जयंत गुरु, ओम साई सेन्ट्रल स्कूल के संचालक अनिल ठाकरे, संकल्प स्कूल के संचालक राजेंद्र नीमकर, स्वामी विवेकानंद स्कूल के संचालक मारोती बुले, सौसर पब्लिक स्कूल के संचालक नरेश आकोटकर, गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल के संचालक सदाशिव खंडाईत, श्री छत्रपति शिवाजी स्कूल के संचालक योगिता ठाकरे, राजीव गाँधी स्कूल के संचालक मोना करवन्दे एवं सेवानिवर्त शिक्षक रामराव कुमरे, रमेश कापसे की प्रमुख उपस्थिति मे खेल कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीपप्रज्वलित कर की गयी. उससे पहले छात्र छात्राओं द्वारा समस्त अतिथियों का बेंड बजाकर एवं पुष्पवर्षा कर शाला परिसर मे स्वागत कराया. छात्र छात्राओं द्वारा समस्त अतिथियों का गुलदस्ता एवं बेच लगाकर स्वागत किया गया.

समस्त अतिथियों द्वारा खेल प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले छात्र छात्राओं तथा अन्य छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया गया.

### पहले दिन हुई कबड्डी की मैचे

शाला परिसर मे आकर्षक कबड्डी के ग्राउंड मे उदघाटन मैच के अवसर पर अंडर 14 अंडर 17 बालक बालिकाओं की कबड्डी प्रतियोगिताये सम्पन्न हुई. जिसमे सौसर एवं रामाकोना क्षेत्र की सौसर पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल, संकल्प स्कूल, राजीव गाँधी स्कूल, श्री छत्रपति शिवाजी स्कूल, ने हिस्सा लिया जिसमे अंडर 14 बालक कबड्डी मे संकल्प को हराकर गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल ने जीत दर्ज की अन्य मैच दूसरे दिन खेले जायेंगे.

### टूर्नामेंट में ये होंगे खेल

अशासकीय शाला संघ सौसर के तत्वाधान मे आयोजित खेल प्रतियोगिताओ में कबड्डी के अलावा क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल, कुर्सी दौड़, कँगारू दौड़, एवं अन्य खेल क्षेत्र की समस्त निजी शालाओं के सहयोग से किये जाएंगे.

**बाइट**- सदाशिव खंडाईत संचालक गुरुकुल विद्या निकेतन.

**मारोति बुले**- संचालक स्वामी विवेकानंद स्कूल.

**नरेश अकोटकर**- संचालक सौसर पब्लिक स्कूल.

**लक्ष्मी खंडाईत**- प्राचार्य गुरुकुल विद्या निकेतन.


**बिछवी ग्राम में पन्द्रह दिनों से नहीं आ रहा पीने का पानी, सरपंच का नहीं ध्यान**

# रामाकोना पंचायत में अव्यवस्थाओं का आलम

नवभारत न्यूज

**सौंसर 20 नवम्बर. जनपद पंचायत क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत रामाकोना बिते कुछ महीनों से अव्यवस्था का आलम चल रहा है. आज रामाकोना पंचायत के आश्रित ग्राम बिछवी मे 15 दिनो से पेयजल और साफ सफाई नहीं होने से ग्रामिणो ने एसडीएम को ज्ञापण सौंपा गया.**

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम के वार्ड क्रमांक 19 मे गरीब मजदूर वर्ग निवास करते है. पूर्व में ग्राम मे गंदगी फैलने के कारण 2 लोगो की मृत्यु हो चूकी है. जिसमे अधिकारियों ने मौके पर आकर सरपंच की लापरवाही देखकर कार्यवाही करने के आदेश दिया गये थे. बीते पन्द्रह दिनों से पीने का पानी नही पहुेच रहा है. जिसके कारण ग्रामीणों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है. ऐसे मे ग्रामीणों के स्वास्थ पर बुरा असर पड़ रहा है. ग्रामिणो बताया कि, गांव में महीनो से सफाई नहीं की गई है. जिसके कारण गांव मे



जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है. ग्रामिणो ने बताया कि, सरपंच श्रीमती श्वेता गगन गोहेल के द्वारा हम ग्रामीणों को रोजगार गारंटी योजना मे मजदूरी नही दे रही है. साथ ही शासन द्वारा संचालीत योजना का लाभ नही दिया जा रहा है.

जिसके कारण हम अपने परिवार का जीवन यापन नही कर पा रहे है. पंच दिलीप राजूके द्वारा पंचायत मे जाकर सरपंच को समस्या का ध्यानाकर्षण किया लेकीन उनके द्वारा समस्या का निराकरण करने के बजाया वह सरपंच कहती है कि मेरे द्वारा भुगतान किये गये बिलो पर दस्तखत कर दो हमारे पंच द्वारा 1 बिल पर दस्तखत कर दिये गये फिर भी पानी कि समस्या का निराकरण नहीं किया गया. सरपंच ग्राम के विकास के बजाय फर्जी बिल निकालकर शासन की राशी का दुरुपयोग किया जा रहा है. ग्रामीणों की समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो ग्रामिणों के साथ पंचायत के सामने अनिश्चितकालीन हडताल किया जायेगा. जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी.

### दो वर्षों में विवाह के लिये 75 हजार बेटियों को मिली 414 करोड़ की सहायता

**छिन्दवाड़ा.** राज्य शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना में गत 2 वर्षों में 75 हजार से अधिक बेटियों के विवाह के लिये 414 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गयी। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण डॉ. आर.आर. भोंसले से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में एक विवाह/निकाह के लिये 55 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।


**शपथ-पत्र**

में शपथकर्ता :-अनीता दर्शमा पिता इन्दर सिंग उम्र 41 साल निवासी-वार्ड नं.-05 मेढामलखापा तहसील उमरेठ जिला छिंदवाड़ा मप्र.का निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि 1-यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्ती पते की स्थायी निवासी हूँ। 2-यह कि मेरे नाम से एक बीमा करवाया गया है, जिसका पालिसी क्रं.-35560327। है, जिसमें मेरा नाम झमरवती दर्ज किया गया है जो कि यह नाम मेरा घरेलू नाम है। 3-यहकि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, राशनकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अनीता दर्शमा पिता इन्दर सिंग नाम दर्ज है। अर्थात झमरवती एवं अनीता ये दोनों ही नाम मेरे स्वयं के नाम है जो कि एक ही महिला के नाम है जो कि सत्य व सही है। 4- यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पालिसी में मेरा सही एवं सत्य नाम अनीता दर्शमा दर्ज करवाना चाहती हू एवं मेरा घरेलू नाम झमरवती को निरस्त करवाना चाहती हू, वास्ते उक्ताशय का शपथपत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**



प्रारूप- 10
( नियम - 7 देखिये )
-: न्यायालय नायब तहसीलदार ( रा.नि.म. लोधीखेड़ा ) तहसील सौसर जि. पांढुर्णा :-

**सार्वजनिक नोटिस / उद्घोषणा**

राजस्व प्रकरण क्रमांक / /31-6/2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार अभिलेखों में पंजीकृत विकय पत्र के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन राधीन हैं। हैं। कोई हितबद्ध व्यक्ति पेशी दिनांक 02/12/2024 को समय 11 बजे स्थान तहसील कार्यालय सौसर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| पटवारी हल्का क्रमाक सेक्टर क्रमांक | ग्राम/ नगरीय क्षेत्र का नाम | सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लॉक संख्यांक / भूखण्ड संख्याक | क्षेत्रफल ( हेक्ट./ वर्गमीटर में ) | विद्यमान भू-अभिलेख में धारक/ धारकों का नाम, पिता/ माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता | व्यक्ति/ व्यक्तियों नाम पिता/ माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 23 | फ्लोरा | 79 | विक्रित रकबा 0.809 हेक्ट. | तानाबाई बेवा भगवान जाति धनगर निवासी ग्राम सावंगा तह. सौसर व अन्य 06 | मेसर्स छिन्दवाडा फ्लस डेव्हलपर्स लिमि. नागपुर की ओर से संचालक मनोज पिता शंकरलाल मंत्री निवासी नागपुर तह. व जि. नागपुर ( महा. ) |

आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सौंसर म.प्र.**